**खबर संक्षेप**

### बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली

**मण्डला।** 100 दिवसीय अभियान के तीसरे फेज में बाल विवाह रोकथाम के लिए गुरुवार को ग्राम पंचायत अंजनी जनपद पंचायत मवई में जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। जिसमें वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग प्रदान करने जागरूक करते हुये शपथ दिलाई गई। जिला स्तर में संचालित कन्ट्रोल रूम की भी जानकारी दी गई। पी.एल.वी. श्रीमती शिखा श्रीवास्तव विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित प्रतिभागियों को कानून के प्रति सजग रहने के साथ विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को दी जाने वाली सहायता एवं विधिक सहायता प्राप्त करने टोल फ्री नं. 15100 की जानकारी दी। साथ ही वर्तमान में चलाये जा रहे अभियान अंतर्गत सड़क दुर्घटना से बचाव के लिये टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट के उपयोग के बारे में भी बताया।

### अवैध शराब के विरुद्ध शिकायत पर की गई कार्यवाही

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त शिकायत पर आबकारी एवं तहसीलदार की उपस्थिति में मदिरा के अवैध विक्रय पर महाराजपुर आंगनतिराहा में दबिश की कार्यवाही की गई। जिसमें गरुण नाविक के दुकान की विधिवत तलाशी लेने पर 17 बोतल बियर, 6 कैन बियर एवं 1 बोतल विदेसी मदिरा, 13 नग विदेसी मदिरा के बरामद किये गए। जप्त मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 9500 रूपए है। आरोपी के विरुद्ध म.प्र.आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

## कुछ हजार वेतन पाने वाले ये कर्मचारी करोड़ों में कैसे खेलते हैं

# गोदाम में सड़ गया सौ क्विंटल गेहूं

*** सहकारी समितियों पर पहले भी लगते रहे हैं आरोप।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास



जिले की विभिन्न गोदामों में भंडारित अनाज के खराब होने संबंधी अनेकों मामलों कि खबरें अखबारों में प्रकाशित होने के बाद भी न जिम्मेदारों का रवैया बदला और न ही अधिकारियों ने जिले के तमाम अनाज गोदामों का निरीक्षण कर सुरक्षा का जायजा लिया, जिसके चलते गोदाम प्रभारियों की मनमानी थम नहीं रही और गरीबों के हक का राशन सड़ने या खराब होने का सिलसिला थम नहीं रहा।

निवास के आईटीआई वार्ड स्थित मार्कफेड विपणन अधीनस्थ गोदाम में रखा 100 क्विंटल गेहूं लगभग 40% सड़ गया।

बोरों से कीड़े निकलते देख लापरवाह गोदाम प्रभारी राहुल बाडीवा ने बिना शीर्ष अधिकारियों के संज्ञान में लाये आनन-फानन में मल्टी थ्रेशर मशीन मंगाकर सफाई करवाना शुरु किया, जिसमें कई बोरा घुन के साथ आटे में तब्दील सामग्री पूरे गोदाम में बिखरी पड़ी देखी गई।



### प्रभारी का बेतुका ज्ञान

गोदाम प्रभारी का कहना है कि ये गेहूँ सड़ा नहीं, बल्कि नमी से फार्मेंटेशन के चलते डस्ट आया है और पाउडर बन गया है, इसको सड़ना कैसे कह सकते हैं। खराब तब कहते हैं जब गेहूँ की ऊपरी परत काली पड़ जाती है।

### हजारों नये बोरों की गठानें भी सड़ गई

गोदाम प्रभारी को गोदाम में अनाज भंडारण क्षमता की भी जानकारी नहीं है, फिर बताया की 5 हजार मेट्रिक टन है और बीस बोरों की छल्ली होने से नीचे के बोरे दबने से सड़ गये। इसके अलावा लगभग हजारों बोरे की अनेकों गठानें भी बर्बाद हो गईं, क्योंकि पूर्णतः भरी गोदाम में प्रभारी साहित लेवरों तक को जाने की जगह नहीं मिली।

### पर्याप्त मात्रा में त्रिपाल फिर भी सड़ गया अनाज

गोदाम में दर्जनों अच्छी हालात में त्रिपाल पड़े हैं, जिनका ढंग से इस्तेमाल किया जाता तो उक्त अनाज सड़ने से बच जाता, ज्ञात हो की वर्ष 2024 में सुबह के समय बड़े आकार के ओले गिरे थे जिससे फसलों के अलावा घरों के छप्पर व सीमेंट सीट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुईं थीं लेकिन वारिस इतनी भी नहीं हुई थी कि गोदाम में भंडारित अनाज की व्यवस्था नहीं की जा सकती थी।

### ट्रांसफर होगा या सस्पेंड चलेगा

प्रशासनिक तंत्र के लचर रवैये से कर्मचारी इतने बेलगाम हो चले हैं कि इन्हें सर्विस छिन जाने से लेकर ट्रांसफर और सस्पेंड तक किये जाने का भी ख़ौफ़ नहीं रह गया, ये बोल वचन उक्त गोदाम प्रभारी ने पत्रकार वार्ता में कहे।

बड़ा सवाल यह कि एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जिम्मेदारों ने ध्यान क्यों नहीं दिया।

जबकि उक्त प्रभारी 2023 से है और जब छह माह पूर्व में गोदाम से सारा अनाज वितरण हो चुका है तब कथित तौर पर नीचे रखे गेंहू को व्यवस्थित करने में घोर लापरवाही क्यों की गई।

### इनका कहना है:-

*आपके अलावा किसी और माध्यम से मुझे जानकारी नहीं मिली है, में दिखवा लेता हूं कि कैसे लापरवाही की गई है नियमानुसार कार्यवाही कि जायेगी।*

*सीएल वर्मा ,*
*(एस डी एम निवास)*

## पंचायत के बाजार चबूतरे का अतिक्रमण हटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के ग्राम पंचायत खैरी नारायणगंज में बाजार चबूतरे पंचायत द्वारा बनाए गए थे जिसमें कुछ लोगों द्वारा चबूतरे के ऊपर अवैध अतिक्रमण कर दुकान बना ली थी जिसके बाद खैरी ग्राम पंचायत द्वारा आक्रमणकारियों को कई बार नोटिस दिया गया जिसमें न्यायालय की आदेश की अवहेलना करने पर ग्राम पंचायत संबंधित अतिक्रमणकारियों अरुण सोनी अजय सोनी दिलीप जायसवाल सरमन अग्रवाल राजेंद्र सोनी चमरू पटवा हुलासी साहू को अंतिम सूचना ग्राम पंचायत से जारी की गई है जिससे खुद के खर्चे पर अरुण सोनी ने बाजार चबूतरे पर बने अवैध अतिक्रमण को हटा दिया गया एवं पंचायत द्वारा उन्हें दुकान दी गई एवं पंचायत ने कहा कि शेष अतिक्रमणकारियों 7 दिवस के अंदर बाजार चबूतरे से अपना अतिक्रमण नहीं हटते तो पंचायत द्वारा उन्हें हटा दिया जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं अतिक्रमणकारियों की होगी पंचायत द्वारा बार-बार नोटिस जारी किया गया लेकिन अभी तक बाजार चबूतरे में बने अवैध निर्माण को नहीं हटाया गया पंचायत का समय एवं पैसे बर्बाद हुए परंतु का 7 दिवस के अंदर कड़ी कार्रवाई करने के लिए पंचायत बाध्य होगी।



## हेलमेट न लगाने पर नहीं मिलेगा पेट्रोल




**नारायणगंज।** नारायणगंज के सभी आसपास पेट्रोल पंप में सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि हेलमेट न लगने पर दो पहिया वाहनों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा अगर कोई शिकायत करता है कि किसी पेट्रोल पंप में बिना हेलमेट के पेट्रोल दिया जा रहा है तो उसे पर पेट्रोल पंप संचालक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ऐसा निर्देश जारी किया गया है हेलमेट न लगने से हो रही सड़क दुर्घटना से कई लोगों की जान जा रही है एवं चालान काटने पर भी लोगों पर सुधार नहीं आ पा रहा है इस कारण यह सख्त नियम लागू किया जा रहा है जिससे लोगों को हेलमेट लगाने के लिए जरूरी हो गया है।

## आपकी जीवन रक्षा ही परिवार की सच्ची सुरक्षा-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



**जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली जनहानि को देखते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने एक विशेष वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील करते हुए सड़क सुरक्षा को एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी बनाने का आह्वान किया है।**

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं में होने वाली जनहानि हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, हर दुर्घटना के साथ हम किसी का बेटा, किसी की बेटी, किसी का जीवनसाथी या किसी का अभिभावक खो देते हैं। उन्होंने कहा कि आपके जीवन की रक्षा ही परिवार की सच्ची सुरक्षा है।

गत वर्ष के आंकड़ों का हवाला देते हुए कलेक्टर ने बताया कि जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि का मुख्य कारण सुरक्षा उपकरणों की कमी रही। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि बड़ी संख्या में लोगों की जान केवल इसलिए गई क्योंकि दोपहिया वाहन चलाते समय उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था या चार पहिया वाहन में सफर के दौरान सीट बेल्ट का उपयोग नहीं किया गया था।जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए दोपहिया वाहन चालक और पीछे बैठने वाले व्यक्ति अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। कार या अन्य चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील की है कि स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें।

## सनराइज स्पोर्ट्स क्लब और महिष्मति स्पोर्ट्स क्लब ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




फाइटर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित फाइटर कप सीजन 2 का आज का पहला मुकाबला सनराइज स्पोर्ट्स क्लब एवं मंडला टाइटंस के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर सनराइज स्पोर्ट्स क्लब मंडला ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइज स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 164 रन बनाए। सनराइज स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी में अनवर अली ने 69 रन अरुण नीखर ने 37 रन शिवम ने नाबाद 27 रन और राजा ने 12 रनों की पारी खेली। मंडला टाइटंस की ओर से गेंदबाजी में कमल ने 3 विकेट और सौरभ चौरसिया ने 1 सफलता अर्जित की। 165 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए मंडला टाइटंस की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 133 रन ही बना सकी और इस मैच को मंडला टाइटंस को 31 रनों से गंवाना पड़ा। मंडला टाइटंस की ओर से बल्लेबाजी में कमल ने 33 रन अनुज चौरसिया ने 30 रन सौरभ चौरसिया ने 19 रन मयूर ने 15 रन गौरव ने 13 रन और अंकित ने 10 रनों की पारी खेली। सनराइज स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी में पंकज दुबे ने 4 विकेट शिवम ने 3 विकेट राजा और निलेश झा ने 1-1 सफलता अर्जित किया। इस प्रकार सनराइज स्पोर्ट्स क्लब ने इस मुकाबले को 31 रनों से जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच सनराइज स्पोर्ट्स क्लब के शिवम रहे। इस मुकाबले में निर्णायक कबीर रघुवंशी और ऋषि रघुवंशी रहे। गुरुवार के दिन का दूसरा मुकाबला महिष्मति स्पोर्ट्स और वाय.एस.सी. अमरपुर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर महिष्मती स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.1 ओवर में महिष्मति स्पोर्ट्स ने सभी विकेट खोकर 130 रन बनाए और 131 रनो की चुनौती अमरपुर के लिए रखी। महिष्मती स्पोर्ट्स की ओर से बल्लेबाजी में सिद्धार्थ पटेल ने 30 रन संस्कार नमन दुबे ने नाबाद 23 रन प्रांजल ने 21 रन शनि नंदा ने 17 रन और अमित यादव ने 13 रनों का योगदान दिया। अमरपुर की ओर से गेंदबाजी में एवंडस ने 3 विकेट रिंकू शैलेंद्र और प्रदीप ने 2-2 विकेट हासिल किए। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमरपुर शुरुवात से ही लड़खड़ाती नजर आई और पूरी टीम 15.1 ओवरों में मात्र 78 रन ही बना सकी। अमरपुर की ओर से बल्लेबाजी में शेख अमजद ने 36 रन और राहुल जायसवाल ने 12 रनों का योगदान दिया। महिष्मती स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाजी में शनि नंदा ने 3 विकेट संतोषी और प्रभात ने 2-2 विकेट प्रांजल कृष्णा एवं भूपेन्द्र ने 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार इस मुकाबले को महिष्मति स्पोर्ट्स ने 52 रनों से जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच शनि नंदा रहे। इस मुकाबले में निर्णायक की भूमिका मोहित बरमैया और ऋषि रघुवंशी ने निभाई। शुक्रवार के दिन का पहला मुकाबला माँ नर्मदा पुलिस 11 और कुंभ स्टार मंडला के बीच सुबह 9:30 बजे से एवं दूसरा मुक़ाबला महिष्मती स्पोर्ट्स क्लब और आजाद टिकरिया के बीच दोपहर 1:00 बजे से खेला जाएगा।

**पुलिस प्रीमियर लीग**

## फाईनल में हेडक्वार्टर हाईफ्लेम को 28 रनों से हराया

# एसएएफ 35वी बटालियन ने जीता खिताब

*** मंडला पुलिस प्रीमियर लीग 2026 का समापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मंडला पुलिस प्रीमियर लीग 2026 का फाईनल गुरूवार को खेला गया, फाईनल मैच के साथ ही लीग का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा, डिप्टी कमांडेंट श्री प्रदीप शेंडे, एसडीओपी मंडला श्री पीयूष मिश्रा, असिस्टेंट कमांडेंट श्री बलवीर चावण्ड एवं अन्य अधिकारी,बटालियन के जवान, होमगार्ड सहित अन्य खिलाड़ी और दर्शक मौजूद थे।



फाइनल मैच 35वी बटालियन एसएएफ स्ट्राइकर एवं हेडक्वार्टर हाईफ्लेम के मध्य खेला गया। एसएएफ स्ट्राइकर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 90 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हेडक्वार्टर हाईफ्लेम की टीम 10 ओवर में 62 रन ही बना सकी। इस प्रकार एसएएफ स्ट्राइकर टीम 28 रनों से विजेता घोषित हुई। फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एसएएफ स्ट्राइकर टीम के गेंदबाज श्री हरिओम बघेल को “प्लेयर ऑफ द मैच” प्रदान किया गया।

समापन अवसर पर जिला पंचायत श्री कुशराम द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई। विशिष्ट अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन पुलिस विभाग में शारीरिक फिटनेस, मानसिक सुदृढ़ता, अनुशासन एवं टीम भावना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस प्रकार के खेल आयोजन पुलिसकर्मियों के लिए तनाव से मुक्ति, ऊर्जा एवं कार्यक्षमता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। इस लीग के माध्यम से नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा, हेलमेट उपयोग, यातायात नियमों के पालन एवं स्वस्थ जीवनशैली जैसे सामाजिक संदेशों का भी प्रभावी प्रसार किया गया।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषक संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) परियोजना अंतर्गत विकासखंड बिछिया के ग्राम पंचायत कांसखेड़ा में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना में पंजीकृत किसानों के लिए कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, रसायनमुक्त खेती के लाभ और उन्नत कृषि तकनीकों एवं कृषि में विविधीकरण और कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। संगोष्ठी में कृषि से संबंधित अन्य विभाग उद्यानिकी, पशु चिकित्सा के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे जिन्होंने प्राकृतिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों और पशुपालन के महत्व को बताया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति कृषि स्थाई समिति बिछिया श्री पारुल पांडे, जनपद सदस्य बिछिया श्री बाबूलाल कुशराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कांसखेड़ा श्रीमती बीना आर्मो के द्वारा की गई। संगोष्ठी में कृषि विभाग से उप परियोजना संचालक (आत्मा) श्रीमती अंजु कोडापे, सहायक संचालक श्री अरविंद कुमार वर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री मुकेश कुमार कुलस्ते, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक (आत्मा) डॉ. ओमवीर सिंह रघुवंशी, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती लता झारिया, सहायक तकनीकी प्रबंधक मोहित गोल्हानी और अन्य खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल उद्दे, उद्यान विस्तार अधिकारी श्रीमती स्वर्णा भंशोड उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बडी बाई का निधन



हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका। नगर के प्रतिष्ठित अटरोईया परिवार के भाव सिंह वार्ड शिक्षक व केशव प्रसाद वर्मा की माताश्री श्रीमति बडे बाई का बीते हुये दिवस 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनके निधन से सालीचौका सहित क्षेत्र के गांवों में शोक का महौल देखने मिला। वही अनेक लोगों ने शोक प्रकट करते हुये अपने श्रद्वासुमन अर्पित किये।

### रात के समय बुलट से निकलने वाली तेज आवाज पर अंकुश न लग पाना खड़े कर रहा सबाल...?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, सड़कों पर हजारो वाहनो की आवाजाही होती रहती है किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि अधिकतर वाहन चालक तेज गति से तो वाहन चलाते ही है साथ ही ओवर लोड वाहन भी फर्राटे से सड़कों पर दौड़ाये जाते है। बताया जाता है कि अनियंत्रित गति से नगर के मुख्य मार्गो पर दौड़ रहे वाहनो से यातायात व्यवस्था तो भंग हो ही रही है साथ ही कभी कभार जाम की स्थिति निर्मित होने से राहगीरो की भी मुसीबत हो रही है। वही शहरवासियो का कहना है कि नगर की सड़के संकीर्ण होने से अनियंत्रित गति से चल रहे वाहनो के कारण दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है। वही दूसरी ओर इस समय आती रात को नगर की सड़कों पर फटाखा के समान आवाज निकालते हुए दौड़ रही बुलट गाड़ी के चलते जहां लोगों का रात के समय सोना मुश्किल हो रहा है वही दूसरी ओर नगर की शांति व्यवस्था को भी ग्रहण लगते हुए देखा जा रहा है। बताया जाता है कि रात के समय कुछ युवकों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो के आलवा अन्य कुलियों में देर रात को अपनी बुलट गाड़ी को लेकर इस प्रकार से दौड़ाते हुए उससे फटाखा की तरह तरह आवाज निकाली जाती है जिसक चलते जहां रात में सोने वाले लोगों की नीद तो खराब होती ही है साथ साथ अपनी पढ़ाई में जुटे हुए छात्र छात्राओं को भी पढ़ाई में व्यवधान पैदा होते हुए देखा जा रहा है? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस प्रकार से फटाखानुमा आवाज निकलने वाली यह गाड़यिा पुलिस थाने के ठीक सामने से भी रात के समय अनेक चक्कर लगाते हुए आसानी से देखी जाती है और रात्रि कालीन गस्त व्यवस्था में तैनात पुलिस अधिकारियों की नजरों के सामने से भी अनेको बार यह गाड़ी गुजरती रहती है।

# पुलिस थाने से चंद कदम दूरी पर मचाया कोहराम, तीन घायल, दो की हालत गंभीर

**रात लगभग 10.30 बजे स्टेशन से पलोटन गंज की ओर तेज गति से भागते हुये आ रही एक कार चालक द्वारा सड़क से जा रहे दो मोटर साईकिल चालकों को रौंद डाला।**

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा

नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था के बीच शाम के समय जिस तरह शहर की सड़को पर वाहन चालको की जिस तरह से हुडदंग लीला देखने मिलती है इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी किसी तरह से कार्यवाही नही होने का परिणाम है कि सभ्य लोगों को शाम होने के बाद जहां सड़को पर निकलना मुश्किल हो जाता है। सही मायने में देखा जावे तो शाम के समय शहर की सड़को पर शराब पीकर वाहन दौड़ाने वालों का जिस तरह से आंतक छाते हुये देखा जाता है उससे शहर की सड़क इस तरह से देखने मिलती है कि मानों वाहनों के बीच कोई दौड़ प्रतियोगिता चल रही हो..? वाइकर्सो के आंतक से जहां नगर की कालोनियों की कुलियों से लेकर मुख्य मार्ग अछूते नही है। वही दूसरी ओर मुख्य मार्गो पर चार पहिया वाहनों चालको का साम्राज्य स्थापित होते हुये देखा जाता है। इस बात की सच्चाई बीते हुये बुधवार की देर शाम उस समय देखने मिली जब पुलिस थाने से मात्र चंद कदम दूरी पर एक शराब के नशे में धुत्त होकर कार दौड़ा रहे चालक द्वारा जिस तरह से कोहराम मचाते हुये देखा इस सच्चाई को देखने वाले दहशत में आने से नही चूक पाये..? बताया जाता है कि बुधवार की रात लगभग 10.30 बजे स्टेशन से पलोटन गंज की ओर तेज गति से भागते हुये आ रही एक कार चालक द्वारा सड़क से जा रहे दो मोटर साईकिल चालकों को रौंद डाला। इस घटना में तीन लोग घायल हुये जिसमें दो की स्थिति गंभीर बताई जाती है। बताया जाता है कि नगर के साहिल पिता राधे कहार उम्र 20 वर्ष, धीरज पिता कमलेश कहार उम्र 27 साल दोनों निवासी पटैल वार्ड तथा रोहित पिता रंजीत भटरेले उम्र 27 साल निवासी शिवाजी वार्ड जब पुलिस थाने के सामने से निकलकर जा रहे थें। उसी दौरान एक









कार चालक द्वारा अपनी कार को तेज गति से दौड़ाते हुये इन्हे कुचल दिया गया। इस तरह घटना में घायल तीनों युवकों को तुरंत उपचार के लिये शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां पर दो की स्थिति गंभीर होने के चलते जिला चिकित्सालय के लिये रेफर कर दिया गया है। वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार चालक को अपनी हिरासत में ले लिया गया है। इस तरह नगर के थाने के समीप घटित हुई घटना के चलते जहां लोगों की भीड़ एकत्र होने से नही चूक पाई कुछ इसी तरह का हाल नगर के शासकीय चिकित्सालय में भी देखने मिला। लोगों का कहना है कि जब पुलिस थाने के सामने वाले मुख्य मार्ग का यह हाल है तो फिर अन्य सड़को की स्थिति किस तरह से होगी इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है। क्योंकि शाम होते ही शहर की सड़को पर मनमानी करने वालों के हौसले इस तरह से देखने मिलते है कि मानों उनके दिलों में पुलिस की दहशत पूर्णरूप से समाप्त हो चुकी है और सड़को के ऊपर मानों उनका ही साम्राज्य स्थापित हो चुका है..। इस प्रकार से थाने के समीपस्थ घटित हुई यह घटना चर्चा का विषय इस कारण और बनते हुये देखी जा रही है। क्योंकि गाडरवारा पुलिस थाने में टीआई की कुर्सी पर नवागत निरीक्षक द्वारा चंद घंटे पहले ही पदभार ग्रहण किया गया था और यह घटना घटित होना अनेक संदेहों का जन्म देते हुये सुनाई देने से नही चूक पा रही है..? ज्ञात हो कि वैसे भी गाडरवारा नगर निरीक्षक की कुर्सी बीते हुये लगभग 13 वर्षो से कांटों भरा ताज के रूप में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है। क्योंकि इस कुर्सी पर बैठने वाले टीआई द्वारा पूरा एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण किये बगैर ही यहां से लाईन में हाजरी देते हुये देखा गया है। इस प्रकार से लोग नगर के पुलिस थाने में टीआई की कुर्सी पर काली छाया ग्रहण मडराने का आरोप लगाते हुये सुने जाने लगे थें। इसी का परिणाम था कि ढ़ाई साल पहले तक इस कांटों के ताज के रूप में चर्चित बन चुकी हुई कुर्सी पर बैठने के लिये कोई टीआई तैयार होते हुये दिखाई नही दे पाते थें। मगर लोगों के इस भ्रम को तोड़ने में तत्कालीन टीआई राजपाल बघेल तोड़ने में सफल हुये थें। जिन्होंने इस कुर्सी पर एस आई के रूप में तैनात रहते हुये अपने कंधे पर सितारा सजाने में सफल रहते हुये निष्ठा के साथ पूरे तीन साल का कार्यकाल पूर्ण किया गया था। इसके राजपाल बघेल के बाद इस कुर्सी पर टीआई विक्रम रजक विराजमान हुये और काफी हद तक वह भी नगर की जनता के बीच अपनी निष्ठा का लोहा मनवाते हुये दो साल से अधिक का कार्यकाल पूर्ण करने में सफल होते हुये देखे गये। इस तरह बीते हुये बुधवार को उनके यहां से कार्यमुक्त होने के बाद जब नये टीआई के रूप में अशोक चौहान द्वारा गाडरवारा टीआई के रूप में अपना पदभार ग्रहण करने के चंद घंटे उपरांत ही ठीक थाने के सामने घटित हुई इस घटना ने टीआई की कुर्सी को एक बार फिर चर्चाओं में ला दिया गया है ..? अब देखना है कि नवागत टीआई चौहान राजपाल बघेल व विक्रम रजक के रिकार्ड को संभालने में सफल हो पाते है कि नही या फिर पहले वाली स्थिति बनते हुये देखी जावेगी यह तो आने वाला समय ही बतायेगा..?

## बोहानी रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की स्वीकृति से लोगों में देखने मिल रहा हर्ष का महौल

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

समीपस्थ तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक मात्र रेल्वे स्टेशन जिस तरह जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का शिकार होते हुये देखी जा रही थी उसके चलते यह रेल्वे स्टेशन जहां जरूरी सुविधाओं के लिये पूर्णरूप से मुहताज हो चुकी थी। वही दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों द्वारा यहां पर जरूरी ट्रेनों के साथ साथ अन्य सुविधाओं की लगातार मांग उठाते हुये देखे जा रहे थें। मगर तेंदूखेडा विधायक विश्नाथ सिंह पटैल के प्रयासों के चलते क्षेत्र के सांसद चौधरी दर्शन सिंह द्वारा क्षेत्रवासियों की मांगों को ध्यान में रखते हुये एक ट्रेन को रूकने के लिये स्वीकृति प्रदान कराने में सफलता अर्जित की गई है। बताया जाता है कि बोहानी रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 22187/22188 रानी कमलापति–अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इससे क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है।






यह उपलब्धि होशंगाबाद–नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी के सतत प्रयासों एवं जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उनके निरंतर संवाद और पहल से रेलवे प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। ट्रेन के ठहराव से बोहानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही स्थानीय व्यापार, शिक्षा, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्र की जनता ने इस जनहितकारी निर्णय के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है। बोहानी एवं आसपास के क्षेत्रों में इस निर्णय से हर्ष का माहौल है। इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## मेढ़ बंधान योजना की मलाई से लाल पड़ रहे अधिकारी व पंचायतों के जनप्रतिनिधि, यदि निष्ठा के साथ जांच हुई तो उजागर हो सकती है पंचायतों में चौकाने वाली सच्चाई?

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।

निश्चित तौर से सरकार द्वारा आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुये अनेक प्रकार की योजनाये तो बनाई जाती है। मगर उनका लाभ तिहग्राहियों को मिलने की जगह अधिकारियों के लिये दुधारू गाय साबित होने से नही चूकते है? कुछ इसी तरह की योजना मेढ़ बंधान को लेकर शुरू की गई थी। मगर इस योजना का लाभ क्षेत्र के कितने किसानों को मिला यह जांच का विषय बनने से नही चूक पा रहा है? इस प्रकार की सच्चाई ग्राम पंचायतों के माध्यम से संचालित होने वाली मेढ़ बंधान योजना में भी दिखाई पड़ रही है। बताया जाता है कि इस योजना के तहत किसानों के खेतों पर किये जाने वाले पंचायतों द्वारा मेंढ बंधान योजना मात्र कागजों तक ही सीमित होकर रहते हुए देखी जा रही है। इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा तहसील के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर पंचायतों द्वारा किसानों के खेतो पर जिस प्रकार से मेढ़ बंधान कार्य कराते हुए पैसा निकाला गया है? बताया जाता है कि शासन की मेढ़ बंधान के कार्यो में जमकर अनियमितातायों जानकारियाँ मिलना अब आम बात हो चुकी है। जिसकी मलाई से जहां बिदाई लेते हुये पंचायतों के जनप्रतिनिधि लाल पड़ रहे है और वही दूसरी ओर अधिकारी भी काजू कतरी खाने से नही चूक रहे है..? क्योंकि जहां एक तरफ शासन लाखों करोड़ों रूपये मेढ बंधान के नाम पर खर्च कर रही वही दूसरी ओर यह कार्य जनपद स्तर के अधिकारियों के सहयोग व सरपंच सचिव की कारगुजरियों के चलते यह योजना कागजों में ज्यादा शोभा बढते हुये प्रतीत होने से नही चूक पा रही है...? बताया जाता है



कि बैंको में मजदूरों के भुगतान की व्यवस्था तो शासन द्वारा की गई। किंतु बैंकों में ऐसे खातें भी खोले गये है जो ग्रामों के वह प्रभावशाली व संपन्न कृषक शामिल है जो कभी पंचायत द्वारा कराये जा रहे कार्यो में जाकर खड़े तक नही हुये है। किंतु बैंको में सबसे पहले भुगतान इन्ही का होता है? क्योंकि अनेक पंचायतों में अधिकारियों व ग्राहक सेवा केन्द्र के नाम पर संचालित होने वाली क्यूसक बैंकों के माध्यम से पंचायतों में इसी तरह गोलमाल किये किये जाने की चर्चाए लगातार सुनााई देने लगी है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो पंचायत के बीते हुये कार्यकाल के दौरान क्षेत्र की अनेक पंचायतो के रिकार्ड में मेढ बंधान के कार्य व भुगतान ऐसे कृषकों के नाम पर भी दर्ज है जिनके खेतों में मेढ़ बंधान का कार्य ही नही हुआ है। इतना ही नही यदि कार्यो का मूल्यांकन भी संबंधित अधिकारी मौके पर न जाकर जनपद में ही बैठकर कर किया गया है। यदि मस्टर रोल में दर्ज नाम व पंचायतों की भुगतान पर्ची की निष्पक्ष जांच हो जाये तो सारी स्थिति अपने आप ही स्पष्ट हो जावेगी की किस तरह मेढ बंधान के कार्यो में बदरबाट हुआ है, जिससे पंचायतों के सरपंचों सहित विभागीय अधिकारियों के चेहरा भी बेनकाब होने से नही बच पायेगे? यदि पंचातयों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचातयों में रोजगार गारंटी योजना के कार्यो में भी सैकड़ों की तादाद में फर्जी जाब



कार्ड भरकर उन खातेदारों के खातो में राशि जमाकर बंदरबाट होने संबंधी शिकायत आये दिन ग्रामीणों द्वारा किये जाने के बाद भी जांच करने की जगह अधिकारियों द्वारा सरपंच सचिव से सीधे संपर्क कर संबंधित अधिकारी अपने स्वार्थ की रोटी सेकने में कोई कसर नही छोड़ी गई है? इतना ही नही जनचर्चाओं में तो यह तक बताया जाता है कि यदि किसी पंचायत की शिकायत हो जाती है तो अधिकारी के लिए अतिरक्त आय का दरबाजा खुल जाता है? ऐसे प्रकरण क्षेत्र की पंचायतों में आये दिन सुनने को मिलते रहते है? क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेक पंचायतों का हाल बेहाल है, जहां धनवान व सपन्न कृषक बैंको से मजदूर बन कर भुगतान ले रहे है और वास्तविक मजदूरो का शोषण हो रहा है, जिसे सही मायने में देखा जावे तो सरकार की अधिकांश योजनाएं कागजो में ज्यादा शोभा बढ़ा रही है? ऐसा नही है कि इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को नही है, यह सब पंचायती राज की लक्ष्मी लीला अधिकारियों की मिलीभगत की ही देन का परिणाम है कि साईकिलों पर सबार होकर चुनाव लड़ने वाले अनेक पंचातयों के सरपंच चंद वर्षो में स्कार्पियों पर घूमते हुए दिखाई देने लगते है, जिसके चलते शासन की राशि का अधिकारियों की मिलीभगत के चलते बंदरबांट होते हुए दिखाई देने लगा है?

## नगर के आजाद वार्ड में फिर शुरू हुई धार्मिक आयोजन की शुरूआत

### रात के समय बुलट से निकलने वाली तेज आवाज पर अंकुश न लग पाना पेहरेदारी पर खडे कर रहा सबाल...?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। धार्मिक आयोजनों को लेकर गाडरवारा शहर की संपूर्ण क्षेत्र में एक अलग ही पहचान है। क्योंकि यहां पर आये दिन इस तरह से धार्मिक कार्यक्रमों का हाल इस तरह से देखने मिलता है कि एक आयोजन समाप्त होता है तो दूसरा शुरू हो जाता है। इसी प्रकार से बीते हुये सप्ताह नगर के आजाद



वार्ड में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन होने के दूसरे ही दिवस दिव्य प्रवर्चनो का आयोजन शुरू होने से एक बार फिर धर्म की गंगा प्रभावहित होते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है। अपनी दिव्यवाणी से भगवान की कथा सुनाने के लिये पधारी हुई सुश्री धामेश्वरी देवी वृंदावन प्रेम तथा कीर्ति मंदिर के निर्माता जगतगुरू कृपालु महाराज की प्रचारिका का आजाद वार्ड में प्रधारने पर वार्ड पार्षद यानि की प्रथम नागरिक राजकुमारी सतीश कौरव द्वारा उनका स्वागत करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया।

## रहवासी क्षेत्रों में रात भर होने वाली ठोका पीटी पर नही लग रही रोक, नगरवासी परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर मा. न्यायालय द्वारा रात 10 बजे के बाद सभी प्रकार के ध्वनियंत्रों पर रोक लगा रख्री है, मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर के मध्य व रहवासी क्षेत्र में जहां तहां खुले वार्क शांप सहित अन्य लोहे का सामन बनाने वाले तथा कथित कारखाने नुमा दुकानों पर रात रात भर लोह के समान की ठोका पीटी होने के कारण लोगों को जहां रात में सोने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वही दूसरी इन दुकानों पर लोहे की ठोक पीट के चलते घरों में वृद्व मरीज भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के मध्य अनेक जगहों पर लोहे की ट्राली सहित अन्य वस्तुओं का रात रात भर निर्माण करते हुए जमकर ठोक पीट की जाती रहती है, जिसके चलते आसपास के क्षेत्र में निवास करने वाले लोग सो नही पा रहे है, इस प्रकार से रात भर ध्वनि करने वालों के खिलाफ न तो प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही पुलिस प्रशासन जिसके चलते इनक हौसले बुलंद बताये जा रहे है? जिसका उदाहरण इस समय के अंदर संचालित हो रहे अनेक वर्कशांपों देखने मिल रहा है, जहां पर बताया जाता है कि नगर के रहवासी इलाको में रात रात भर लोहे की ठोक पीट होती रहती है, जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है? वही जानकारो के अनुसार बताया जाता है कि इस प्रकार के लोहे से बनने वाले सामन की दुकान व वर्क शांप नगर के अंदर वह रहवासी क्षेत्रों में स्थापित नही किये जा सकते है? फिर भी नगर में प्रशासन की अनदेखी के चलते जहां तहां बैलडिंग मशीन चल रही है, वही लोहे से बनने वाले समान की दुकाने जिसके कारण नगरवासियों का परेशान होना पड़ रहा है।

### सब्बल मारकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढुरसरा निवासी दीपक पिता नन्हे लाल याद उम्र 26 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में अपने मामा के गांव ग्राम कामती गया हुआ था उसी दौरान वहां पर वही का निवासी गजराज यादव मिला और बोला की तू हमारे गांव कैसे आया और इसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लोहे के सब्बल से मारपीट करते हुये चोटे

### कार की टक्कर से पहुंची चोट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के जवाहर वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी मोटर साईकिल क्रमांक MP49MN4249 से घर आ रहा था उसी दौरान हर्ष गार्डन के समीप एक कार क्र.MP49C1457 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मारकर चोट पहुंचाई।

## बाहरी लोगों द्वारा नगर की शासकीय भूमि पर कब्जा करते हुए झोपड़ी बेचने का किया जा रहा गोरखधंधा, प्रशासन बना अनजान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय नगर में जहां तहां पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जिस प्रकार से अतिक्रमण हो रहा है उसे देखकर यह जान पड़ने लगा है कि शायद प्रशासन द्वारा अपनी आंखे बंद करते हुए अतिक्रमण कारियों को मौन स्वीकृति प्रदान कर दी गई है जिसके चलते लोगों द्वारा खुलेआम शासकीय भूमियों पर अपनी झोपड़ी नुमा टपारियाँ बनाते हुए उन्हें चंद रूपयों में बेचकर दूसरे जगह स्थापित हो रहे है? इस संबंध में बताया जाता है कि नगर के अनेक वार्डो में जहां शासकीय भूमि पड़ी हुई है जिस कुछ बाहरी लोगों द्वारा नगर में आकर रातो रात अपनी झोपड़ी नुमा टापरियों का निर्माण कर लिया जाता है जिनमें कुछ दिनों तक वह निवास करते है और इसके बाद चंद रूपयों में अन्य दूसरे बाहरी व्यक्ति को बेचते हुए खाली पड़ी हुई अन्य शासकीय भूमि पर रातो रात कब्जा करते हुये अपनी झोपड़ी का निर्माण करने के साथ शासकीय संपत्ति को अपने कब्जे में करने से नही चूकते है? इस प्रकार की सच्चाई के चलते जहां नगर की शासकीय भूमि तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ ही रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि दूसरे क्षेत्रों से आये हुए लोगों द्वारा नगर में जहां तहां झोपड़ी



बनाते हुए किये जा रहे गोरख धंधे के चलते अन्य अपराध भी जन्म ले रहे है..? बताया जाता है कि जब यह लोग क्षेत्र के किसी गांव या फिर दूसरे शहर से आकर यहां पर झोपड़ियों का निर्माण करते हुए उनमें निवास करने लगते है तो प्रशासन द्वारा इनकी कोई खोज खबर नही ली जाती है कि आखिर में यह लोग यहां पर कहा से आये है और क्यों आये है तथा इनके द्वारा जिस भूमि पर अपनी झोपड़ी का निर्माण किया गया है वह जगह सही मायने में है किसकी ? इस प्रकार से प्रशासन की उदासीनता के चलते जहां नगर की शासकीय भूमि अतिक्रमण में भेंट तो चढ़ ही रही है, वही दूसरी ओर इन लोगों द्वारा शासकीय भूमि को अपनी बताते हुए अपने रिस्तेदार या फिर किसी गांव के व्यक्ति को चंद रूपयों में बेचकर दूसरी जगह खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर पुनः नई झोपड़ी स्थापित कर ली जाती है, जिसके चलते देखा जावे तो नगर के पिछड़े हुए इलाकों में लगातार बाहरी लोगों की फौज बढ़ती ही चली जा रही है और प्रशासन के साथ साथ पुलिस भी बेखबर है? यदि पुलिस व प्रशासन द्वारा सयुंक्त रूप से अभियान चलाते हुए नगर में बाहरी लोगों द्वारा बनाई गई झोपड़ियों की जांच की जावे तो उनमें निवास करने वाले अनेक बाहरी लोग इस प्रकार के सामने आ सकते है जो अपने अपने क्षेत्र में अपराधों से जुडे हुए निकल सकते है..? क्योंकि इस प्रकार के लोगों द्वारा झोपड़यिों का निर्माण करते हुए जब नगर में किसी अपराधिक घटना को अंजाम देते हुए गायब हो जाते है तब कही पुलिस व प्रशासन द्वारा उनकी खोज खबर की जाती है तो पता चलता है कि जिस जगह वह निवास कर रहे है उनकी झोपड़ी तो काफी समय से बंद पड़ी हुई है या फिर उनके द्वारा किसी अन्य दूसरे व्यक्ति को बेचकर गायब हो गये है जिसके चलते फिर पुलिस द्वारा अपराधियों को सिर्फ खोजती ही रहती है?

## परिजनों का हंगामा, अस्पताल के बाहर सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन

# ऑक्सीजन खत्म होने से रास्ते में मरीज की मौत, अस्पताल के सामने परिजनों ने किया प्रदर्शन

### एसडीएम के आश्वासन बाद हटा सड़क जाम



**डिंडौरी** । जिला अस्पताल डिंडौरी में एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। इलाज के दौरान रेफर किए गए एक मरीज की रास्ते में ऑक्सीजन खत्म होने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और ड्यूटी डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल के सामने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

**रेफर के दौरान लापरवाही का आरोप** – परिजनों के अनुसार रविंद्र कुमार मरावी को 4 फरवरी 2026 की शाम करीब 5:30 बजे तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर 5 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे ड्यूटी डॉक्टर डॉ. सुरेश मरावी के निर्देश पर मरीज को जबलपुर रेफर किया गया।

परिजनों का कहना है कि मरीज की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे 108 एंबुलेंस से भेजा जाना चाहिए था, लेकिन डॉक्टर के कहने पर जननी एक्सप्रेस से रेफर कर दिया गया।

**ऑक्सीजन सिलेंडरों को लेकर विरोधाभास** – जननी एक्सप्रेस में ऑक्सीजन की उपलब्धता को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। परिजनों का आरोप है कि वाहन चालक ने बताया था कि एक सिलेंडर पूरी तरह खाली था और दूसरा आधा भरा हुआ। इस स्थिति की जानकारी न तो मरीज को दी गई और न ही परिजनों को। वहीं दूसरी ओर, अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि एंबुलेंस में मौजूद दोनों ऑक्सीजन सिलेंडर भरे हुए थे। दोनों पक्षों के दावों में विरोधाभास ने मामले को और गंभीर बना दिया है।

**रास्ते में ऑक्सीजन खत्म, मरीज की मौत** – बताया जा रहा है कि जबलपुर ले जाते समय कुंडम क्षेत्र के पास एंबुलेंस में ऑक्सीजन समाप्त हो गई, जिससे मरीज की हालत और बिगड़ गई। समय पर ऑक्सीजन न मिलने के कारण करीब दोपहर 1 बजे रविंद्र कुमार मरावी की मौत हो गई।

**अस्पताल पहुंचकर परिजनों का हंगामा** – मौत की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग जिला अस्पताल पहुंचे और ड्यूटी डॉक्टर से बातचीत करने का प्रयास किया। आरोप है कि एक घंटे से अधिक इंतजार कराने के बावजूद डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचे। अस्पताल स्टाफ ने भी मामले पर कोई स्पष्ट जानकारी देने से इनकार कर दिया।

**सड़क पर बैठकर प्रदर्शन, पुलिस मौके पर** – घटना से नाराज परिजनों ने जिला अस्पताल के सामने सड़क पर बैठकर प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश देने का प्रयास किया। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और मृतक के परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।



## गोंडी कला कार्यशाला का आयोजन, पारंपरिक शैलियों का दिया जा रहा व्यावहारिक प्रशिक्षण

**डिंडौरी** । विकासखंड करंजिया के ग्राम पाटनगढ़ माल के जीओ गोंड़ कलाकृति मर्यादित सहकारी समिति के माध्यम से पाटनगढ़ माल हस्त कला भवन में प्रसिद्ध गोंडी कलाकार रोशनी श्याम के मार्गदर्शन में गोंड कला से संबंधित एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को गोंड कला की पारंपरिक शैली, प्रतीकात्मकता एवं रचनात्मक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

कार्यशाला के अंतर्गत गोंड कला की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें बांस, पेंटिंग, वृत्ति एवं घास विधा शामिल हैं। बांस विधा में कृपाराम परस्ते, रामवती परस्ते, सोनीबाई मरकाम, संतोष मरकाम एवं कैलाश मरकाम भाग ले रहे हैं। इसी प्रकार पेंटिंग विधा में विजय कुशराम, अमित परस्ते, जमुना मसराम, बिंदेश्वरी परस्ते, दुर्गा श्याम, अंकित श्याम, चैन सिंह धुर्वे, दिवेन्द्र मरावी, विकास कुशराम एवं नम्रता उइके प्रतिभागी हैं। इसी प्रकार मूर्ति विधा में रामकुमार श्याम एवं शिव प्रसाद धुर्वे तथा घांस विधा में हेमंत मरकाम द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय गोंड कला की समृद्ध परंपरा को संरक्षित करना, नवोदित कलाकारों को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें पारंपरिक कला के साथ आधुनिक रचनात्मक दृष्टिकोण से जोड़ना है।

### दीपा कुलेश बनीं सहायक संचालक उद्यानिकी, मंडला में मिली पदस्थापना

## पटवारी से सहायक संचालक तक का सफर, दीपा कुलेश ने बढ़ाया जिले का मान

डिंडौरी




मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक संचालक उद्यानिकी भर्ती परीक्षा 2023 में ग्राम लालपुर, विकास खंड अमरपुर, जिला डिंडौरी निवासी दीपा कुलेश ने सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं, जिनमें दीपा कुलेश की सहायक संचालक उद्यान विभाग, जिला मंडला के पद पर पदस्थापना की गई है।

दीपा कुलेश के पिता करम सिंह कुलेश, राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त SHDO रह चुके हैं, जबकि माता श्रीमती पंचवती कुलेश एक गृहिणी हैं। एक अनुशासित एवं शिक्षित परिवार में पली-बढ़ी दीपा ने प्रारंभिक शिक्षा छिंदवाड़ा जिले के शासकीय विद्यालय से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने एग्रीकल्चर कॉलेज से स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा पूर्ण की।

शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ दीपा कुलेश का कार्यानुभव भी उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने लगभग तीन वर्षों तक राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर पाटन (जबलपुर) क्षेत्र में सेवाएं दीं। इसके बाद जिले में कृषि विभाग में कृषि विस्तार अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने सहायक संचालक उद्यानिकी भर्ती परीक्षा 2023 की तैयारी की और सफलता अर्जित की।

उनकी इस उपलब्धि पर ग्राम लालपुर सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों एवं ग्रामीणजनों ने दीपा कुलेश को शुभकामनाएं देते हुए इसे परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दीपा की सफलता युवाओं, विशेषकर ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## सहायक संचालक उद्यान परीक्षा में सुरेन्द्र सिंह श्याम चयनित

### अनूपपुर जिले में सहायक संचालक उद्यान के पद पर मिली पदस्थापना

**डिंडौरी** । मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित सहायक संचालक उद्यान परीक्षा 2023 में चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसी क्रम में डिंडौरी जिले के अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिलगांव निवासी सुरेन्द्र सिंह श्याम को सहायक संचालक उद्यान, जिला अनूपपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से ग्राम बिलगांव में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

### ग्रामीण परिवेश से प्रशासनिक सेवा तक का सफर

सहायक संचालक उद्यान पद पर चयनित सुरेन्द्र सिंह श्याम, पिता लक्ष्मण सिंह श्याम एवं माता सुबस श्याम के सुपुत्र हैं। कृषि परिवार से ताल्लुक रखने वाले श्री श्याम ने



सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

### शिक्षा का सशक्त आधार

श्री श्याम की प्रारंभिक शिक्षा माध्यमिक शाला बिलगांव से हुई। इसके पश्चात उन्होंने JDES जुनवानी से हाई स्कूल एवं उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी से हायर सेकेंडरी शिक्षा प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूर्ण की, जिसे उन्होंने वर्ष 2016 में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। वर्ष 2017 से ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी के रूप में उन्होंने कार्यालय सहायक संचालक उद्यान, जिला मंडला में सेवाएँ दीं। इस दौरान उन्होंने उद्यानिकी विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया और विभागीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। अपनी इस सफलता पर श्री श्याम ने माता-पिता, गुरुजनों एवं मित्रों को श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और मित्रों के प्रोत्साहन से ही यह मुकाम हासिल हो सका।

### क्षेत्र में खुशी, युवाओं को मिली प्रेरणा

उनकी नियुक्ति से ग्राम बिलगांव सहित पूरे अमरपुर ब्लॉक में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि श्री श्याम की सफलता से ग्रामीण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु नई प्रेरणा मिलेगी।

### आदिवासी वनांचल क्षेत्र में जनजाति परिवारों को रोजगार देने का प्रयास

## रोजगार मेला युवा संगम: 50 युवाओं को मिला रोजगार

डिंडौरी ।



आकांक्षी विकासखंड बजाग के आजीविका भवन में 5 फरवरी को रोजगार मेला युवा संगम का आयोजन किया गया। इस मेले में 7 कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड कंपनी, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड, वर्धमान यार्न लिमिटेड, सिंटेक्स लिमिटेड, बीएफएल बांसवाड़ा, वर्धमान फैब्रिक बुधनी और जेके डेवलपर्स कंपनी शामिल थीं।

मेले में विकासखंड क्षेत्र के बेरोजगार युवक और युवतियों ने भाग लिया, जिनमें से 88 का पंजीयन हुआ। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इनका साक्षात्कार लिया और 50 प्रतिभागियों को चयन उपरांत नियुक्ति पत्र दिया।

रोजगार मेले का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना था, विशेष रूप से आदिवासी वनांचल क्षेत्र में जनजाति परिवारों को रोजगार देने का प्रयास किया गया। जिला प्रशासनके निर्देशानुसार आयोजित इस मेले में मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर मिलते हैं और वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकते हैं। उन्होंने आगे भी ऐसे आयोजनों की उम्मीद जताई, जिससे आदिवासी वनांचल क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें। इस मेले में भाग लेने वाले युवाओं ने भी अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि इस मेले से उन्हें रोजगार के अवसर मिले हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का आभार व्यक्त किया। इस रोजगार मेले में भाग लेने वाली कंपनियों ने भी अपनी संतुष्टि जाहिर की और कहा कि उन्हें योग्य और उत्साही युवाओं का चयन करने का अवसर मिला है। उन्होंने आगे भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने की उम्मीद जताई।

## डाइट डिंडौरी डी. एल. एड. द्वितीय वर्ष प्रशिक्षणार्थियों का विद्यालय का किया भ्रमण



अमरपुर।

जनपद शिक्षा केन्द्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सारंगगढ़ में डाइट डिंडौरी के द्वितीय वर्ष डी. एल. एड. प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों को लेकर डाइट डिंडौरी के प्रभारी अशोक बर्मन एवं स्वीटी बोस स्थानीय एकीकृत माध्यमिक शाला सारंगढ़ का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य भावी शिक्षकों को विद्यालय की वास्तविक शैक्षिक व्यवस्था, कक्षा संचालन, शिक्षण विधियों तथा विद्यालय प्रबंधन की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करना। भ्रमण के दौरान छात्रों ने कक्षा शिक्षण, पाठ योजना, शिक्षण सहायक समग्री, विद्यार्थियों के साथ शिक्षक के व्यवहार तथा अनुशासन व्यवस्था का अवलोकन किये। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मधुदीप उपाध्याय ने छात्रों को शिक्षण कार्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारिया दी ओर उनके प्रश्नों का समाधान किया। इस अवसर पर छात्रों को बताया गया की एक शिक्षक की भूमिका केवल पाठ पढ़ाने तक सीमित नहीं होती बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उसकी अहम जिम्मेदारी होती हैं। डी. एल. एड. छात्रों ने इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। दल प्रभारी अशोक बर्मन एवं स्वीटी बोस ने भी शाला का शैक्षणिक अवलोकन किया गया। विद्यालय से सुमन मरावी प्राथमिक शिक्षक ने एफ.एल.एन. शिक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की विद्यालय से राम प्रसाद यादव, भगत सिंह मरकाम एवं संतोष कुमार मसराम ने भी अपनी-अपनी कक्षागत कार्य को साझा किया।

### नवोदय विद्यालय में 7 फरवरी को कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं की चयन परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक**। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के तत्वावधान में कक्षा 9 एवं 11 की चयन परीक्षा का आयोजन 07 फरवरी (शनिवार) को किया जाएगा। चयन परीक्षा को लेकर क्षेत्र में शैक्षणिक वातावरण उत्साहपूर्ण बना हुआ है। विद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 9 वीं के लिए कुल 415 परीक्षार्थी तथा कक्षा 11 वीं के लिए कुल 108 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सुचारु एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु कुल 02 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। प्रथम परीक्षा केंद्र पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक तथा द्वितीय परीक्षा केंद्र सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक बनाया गया है। चयन परीक्षा के प्रवेश पत्र पूर्व में ही जारी किए जा चुके हैं। परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र सीबीएसई आईटीएमएस की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। किसी कारणवश यदि प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहा हो, तो संबंधित परीक्षार्थी विद्यालय कार्यालय से भी प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य आशीष शुक्ला ने दी।

# अनूपपुर-जैतहरी में गजराज का राज

## 45 दिनों से खेतों पर कब्जा, पटाखे भी पड़े बेअसर

अनूपपुर और जैतहरी अंचल इन दिनों दहशत के साये में जी रहा है। बीते 45 दिनों से तीन हाथियों का दल क्षेत्र में डेरा डाले हुए है। दिन में जंगल और रात में किसानों के खेत इन गजराजों का भोजनालय बन चुके हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि ग्रामीणों के शोर, पटाखे और प्रयास सब नाकाम हो रहे हैं, जबकि फसलें और घर लगातार तबाही झेल रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में मानव/हाथी संघर्ष अब गंभीर संकट बन चुका है। तीन हाथियों का यह समूह दो भागों में बंटकर अनूपपुर और जैतहरी तहसील के इलाकों में लगातार विचरण कर रहा है। एक ओर जैतहरी के जंगलों में दो हाथी बीते पांच दिनों से दिन-रात ठहरे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर एक दंतैल नर हाथी अनूपपुर के सोनमौहरी बीट से निकलकर आसपास के गांवों में आतंक का पर्याय बन गया है।



किसानों की महीनों की मेहनत चंद घंटों में बर्बाद हो रही है। गेहूं, अरहर, केला, धान कोई भी फसल सुरक्षित नहीं है। स्थिति यह है कि ग्रामीणों द्वारा जलाए गए पटाखों को भी यह हाथी अपने पैरों से कुचलकर बेअसर कर देता है। वन विभाग अलर्ट है, गश्त बढ़ाई गई है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण डर और नुकसान के बीच फंसे हुए हैं।

### 45 दिनों से हाथियों का डेरा खेत रात का शिकार

पिछले 45 दिनों से हाथियों का यह दल अनूपपुर और जैतहरी क्षेत्र में स्थायी रूप से विचरण कर रहा है। दिन के समय हाथी घने जंगलों में विश्राम करते हैं, लेकिन जैसे ही अंधेरा ढलता है, वे जंगल की सीमा लांघकर सीधे किसानों के खेतों में पहुंच जाते हैं। यह सिलसिला अब रोज़मर्रा की घटना बन चुका है। किसानों की खड़ी फसलें हाथियों के लिए आसान भोजन बन गई हैं। ग्रामीण रात-रात भर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं, फिर भी नुकसान नहीं रुक पा रहा है। खेतों में हाथियों के पैरों के निशान अब डर की पहचान बन चुके हैं, जो यह बताते हैं कि हालात कितने गंभीर हो चुके हैं।

### दंतैल नर हाथी का आतंक, अकेला पर सबसे ज्यादा खतरनाक

सोनमौहरी बीट के जंगल में ठहरा एक दांत वाला नर हाथी इलाके के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन गया है। यह हाथी दिन में जंगल में आराम करता है और शाम ढलते ही अमगवां, सेंदुरी सहित आसपास के गांवों की ओर निकल पड़ता है। गणेश सिंह मार्को के खेत में लगे गेहूं और अरहर की फसल को इस हाथी ने लगातार कई दिनों तक नुकसान पहुंचाया है। यही नहीं, यह हाथी खेतों में रखे सिंचाई पाइप तक उठाकर ले गया है। ग्रामीणों के अनुसार, यह हाथी बेहद आक्रामक और चालाक है, जो किसी भी तरह के डराने के उपायों से प्रभावित नहीं होता है।

### पटाखे भी बेअसर, पैर से कुचलता है चिंगारी

ग्रामीणों ने हाथी को भगाने के लिए पारंपरिक तरीके अपनाए जिसमें ढोल, शोर-शराबा और जलते पटाखे शामिल हैं। लेकिन यह दंतैल हाथी इन सभी उपायों पर भारी पड़ रहा है। जैसे ही पटाखा जलाकर उसकी ओर फेंका जाता है, हाथी तेजी से उसकी ओर बढ़ता है और अपने पैरों से उसे दबाकर नष्ट कर देता है। इसके बाद वह चिंघाड़ते हुए ग्रामीणों की ओर दौड़ पड़ता है, जिससे भगदड़ मच जाती है। इस दृश्य ने गांव वालों के हौसले तोड़ दिए हैं। अब लोग हाथी के सामने खड़े होने से भी डरने लगे हैं, क्योंकि एक छोटी सी चूक जानलेवा साबित हो सकती है।

### खेत से घर तक पहुंची तबाही

हाथी की दहशत अब केवल खेतों तक सीमित नहीं रही है। बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि यह हाथी सेंदुरी गांव पहुंचा, जहां संजय चर्मकार के घर के पास ईंट की दीवार तोड़ दी। आंगन में लगे केले के पेड़ों को खा गया और दो बोरियों में रखा धान भी चट कर गया है। इसके बाद यह हाथी चौरा क्षेत्र के पास रामलखन और दिनेश राठौर के खेतों में घुस गया और गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। घरों तक पहुंची यह तबाही ग्रामीणों के लिए खतरे की घंटी है।

### वन विभाग अलर्ट, गश्त जारी, फिर भी ग्रामीणों में डर कायम

हाथियों की लगातार गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने अलग-अलग गश्ती दल तैनात किए हैं। विभाग द्वारा ग्रामीणों को हाथियों के नजदीक न जाने, रात में सतर्क रहने और कच्चे मकानों में सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। जैतहरी क्षेत्र के धनगवां बीट सहित कई जंगलों में दो अन्य हाथी दिन-रात विचरण कर रहे हैं, जो अपने साथी का इंतजार कर रहे हैं। बावजूद इसके, ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ अपील से समस्या का समाधान नहीं होगा। जब तक ठोस व्यवस्था नहीं होती, तब तक डर और नुकसान यूं ही जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### गन्ना अनुसंधान में प्रशिक्षण हेतु योगेश का चयन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ में उत्तम गुड़ उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन तकनीक पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिए देश के विभिन्न राज्यों पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुल 20 किसानों को चयनित किया गया है जिसमें मध्यप्रदेश से एक मात्र नरसिंहपुर जिले के किसान योगेश कौरव का चयन हुआ है। बता दें कि जिले की गाडरवारा तहसील के गोलगांव निवासी योगेश कौरव प्रतिष्ठित कृषक हैं एवं फ्यूचर फार्मर एलएलपी कम्पनी बनाकर लगभग 15 सालों से गुणवत्तायुक्त गुड़ का निर्माण कर रहे हैं, इनके द्वारा गांव में ही नई तकनीक का मध्यप्रदेश का पहला आईएसओ एवं जीएमपी सर्टिफाइड ऑटोमेटिक प्लांट स्थापित किया गया जिसमें कम ईंधन कम लेबर से भाप के माध्यम से उच्च गुणवत्ता युक्त गुड़ के साथ जेगरी पाउडर, फ्लेवर्ड गुड़ केंडी, कुकीज, चने एवं सौंफ पर गुड़ की कोटिंग इत्यादि गुड़ के अनेक उत्पादों का निर्माण किया जाता है जिन्हे मार्डन ट्रेड सहित अन्य अन्य प्रतिष्ठित स्टोर्स पर सप्लाई किया जाता है। ऑनलाइन मार्केट के साथ विदेशों में भी इनके गुड़ की अच्छी मांग है। योगश का चयनित होना नरसिंहपुर जिले के गन्ना उत्पादक एवं गुड़ निर्माण कर रहे किसानों के लिए गौरव की बात है। उद्यमिता व कौशल विकास के तहत आयोजित 2 फरवरी से शुरू हुए प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को गुड़ उत्पादन की उन्नत तकनीकों के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी जा रही है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन कल

नरसिंहपुर। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर में कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं में प्रवेश परीक्षा सत्र 2026 शनिवार 7 फरवरी को आयोजित होगी। इसके लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। कक्षा 9 वीं के लिए प्रातरू 11.15 बजे से दोपहर 01.45 बजे तक और कक्षा 11 वीं के लिए प्रात 11 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर श्री अरूण कुमार तिवारी ने बताया कि कक्षा 9 वीं में 654 एवं कक्षा 11 वीं में 149 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी निर्धारित समय से 30 मिनट पहले प्रवेश पत्रों के साथ परीक्षा केन्द्र में पहुंचें। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किया है, वे वेबसाइल पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### बोहानी रेलवे स्टेशन पर रूकेगी इंटरसिटी एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बोहानी रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 22187 / 22188 रानी कमलापति अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इससे क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। यह उपलब्धि होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद के सतत प्रयासों एवं जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उनके निरंतर संवाद और पहल से रेलवे प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। ट्रेन के ठहराव से बोहानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

### नहीं रहीं नगर की सबसे बुजुर्ग महिला

तेंदूखेड़ा विगत दिवस नगर पुरोहित पंडित सत्यनारायण चौबे की सासु मां एवं पं प्रभु दयाल भगवत प्रसाद दुबे ढोडा वालों की 120 वर्षीय पूज्य माता जी रेशम बाई का निधन हो जाने पर उन्हें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

### सुविधाओं के अभाव में सफेद हाथी साबित हो रहा आश्रय स्थल



गोटेगांव। नगर के लाठगांव रोड पर पानी की टंकी के समीप स्थित आश्रय स्थल देखरेख और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अपनी उपयोगिता खोता जा रहा है। करीब चार साल पूर्व निर्मित इस भवन का उद्देश्य नर्मदा परिक्रमा वासियों और असहाय लोगों को आश्रय प्रदान करना था, किंतु प्रशासनिक उदासीनता के चलते यहाँ बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। आश्रय स्थल में न तो शौचालय का निर्माण कराया गया है(

## सट्टे का अखाड़ा बनता जा रहा मुंगवानी थाना क्षेत्र

# मुंगवानी पुलिस की सटोरियों पर विशेष कृपा

### धड़ल्ले से चल रहा सट्टा, युवा हो रहे वर्बाद

जिले मे अपराधों पर लगाम लगाने के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। वही दूसरी ओर पुलिस की लापरवाह पूर्ण कार्यप्रणाली के चलते मुंगवानी थाना क्षेत्र मे चारों तरफ सट्टे का खेल जारी है। सटोरियों द्वारा प्रतिदिन लाखों रूपये के दाव लगाये जा रहे है जिससे युवा पीढ़ी वर्बाद हो रही है। थाना प्रभारी सट्टे के कारोबार पर लगाम लगाने असफल साबित हो रहे है।





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले मे पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों पर लगाम लगाने के लिए थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए है। थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्रामीण अंचलो मे धड़ल्ले से सट्टे का कारोबार जारी है। सटोरियों के हौंसले इतने बुलंद है कि पुलिस का उन्हे जरा भी डर नही है। सटोरियो द्वारा चारों तरफ मकड़जाल फैलाकर धड़ल्ले से पट्टियां कटवाई जा रही है जिसमें युवा पीढ़ी भी लिप्त होती जा रही है। जानकारी होते हुये भी पुलिस अनजान बनकर कार्रवाई नही कर रही है।

#### युवा पीढ़ी हो रही लिप्त

एक के अस्सी के चक्कर मे युवा पीढ़ी लिप्त होती जा रही है। लोग कर्ज लेकर अपना घर, जमीन व जेबर भी दाव पर लगा देते है। क्षेत्र मे वर्बादी का कारण सट्टा बनता जा रहा है। सट्टे के खेल मे अधिकांश युवा पीढ़ी लिप्त नजर आ रही है। सटोरिया दिनो दिन मालामाल होते जा रहे है लोग एक के अस्सी के मकड़जाल मे उलझे हुये है व वर्बाद हो रहे है। क्षेत्र मे बढ़ता हुआ सट्टे का कारोबार लोगो के लिये चिंता का बिषय बनता जा रहा है।

#### गांव - गांव कट रही पट्टी

थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्रामो मे धड़ल्ले से सट्टा पट्टी काटी जा रही है और पुलिस अंजान बनी हुई। सटोरियों का नेटवर्क इतना मजबूत है कि पुलिस भी उन पर कार्रवाई नही कर पा रही है। मुंगवानी थाना क्षेत्र के ग्राम बरहटा, कठोतिया, रीछा, बचई, महमदपुर, गोरखपुर, पाठा, मुंगवानी, डुडवारा, देवनगर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों मे धड़ल्ले से पट्टी काटी जा रही है । सटोरियों को पुलिस का जरा भी खौफ नही है। क्षेत्र मे दो - तीन सटोरियों द्वारा मिलकर सट्टे का सिंडीकेट चलाया जा रहा है जिन पर कार्रवाई करने मे पुलिस नाकामयाब साबित हो रही है।

#### पुलिस का मौन होना संदेहात्मक

मुंगवानी थाना क्षेत्र मे निरंतर सट्टे का कारोबार होने के बाद भी पुलिस का मौन होना लोगों मे चर्चा का विषय बना हुआ है लोगों को यह भी संदेह होने लगा है कि सटोरियों की पुलिस से मजबूत सांठ - गांठ है जिससे पुलिस द्वारा उन पर कार्रवाई नही की जा रही है। अवैध कार्यो के चलते लोगो को संदेह होने लगा है कि कही ऐसा ना हो कि मुंगवानी थाना क्षेत्र अपराधो का अखाड़ा बना जाये।

#### लाखों का चल रहा खेल

मुंगवानी थाना क्षेत्र मे सट्टे का लाखों रूपये का खेल प्रतिदिन किया जा रहा है और पुलिस अंजान बन कर कार्रवाई नही कर रही है। लोगो का कहना है क्षेत्र मे बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने मे पुलिस सफल नही हो पा रही है या फिर सटोरियो की पुलिस से सांठ-गांठ है। जिससे सटोरिया लाखों रूपये का खेल प्रतिदिन कर मालामाल हो रहे है।



## विश्व वेटलैंड दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरहटा में विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य एस के बक्शी के निर्देशन मे किया गया। विद्यार्थियों को आर्द्रभूमियों के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर उच्च माध्यमिक शिक्षक पुष्पेंद्र पूशाम एवं तरुवर पटेल द्वारा विद्यार्थियों को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के उद्देश्य, महत्व एवं संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि आर्द्रभूमियाँ जैसे तालाब, झील, नदियाँ और दलदली क्षेत्र पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये जल संरक्षण, जैव विविधता की रक्षा तथा बाढ़ नियंत्रण में सहायक होती हैं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आर्द्रभूमियों के संरक्षण की आवश्यकता समझाते हुए जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने और उनके संरक्षण हेतु जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने भी विषय में रुचि दिखाते हुए प्रश्न पूछे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का वार्षिक शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के निर्देशन में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में समीपस्थ ग्राम तिंदनी (धुबघट गौंड़ी) में आयोजित सात दिवसीय वार्षिक शिविर के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुनीत त्रिवेदी प्रसिद्ध रंगकर्मी एन.एस.डी. के मुख्य आतिथ्य, डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर की अध्यक्षता, मालक पटेल समाजसेवी के विशिष्ट आतिथ्य एवं श्रीमती मंजूलता पटेल, प्रधान पाठक राकेश श्रीवास्तव, कमलेश सिंह, डालचन्द सिंह की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि पुनीत त्रिवेदी ने रासेयो शिविर को समाज सेवा का श्रेष्ठ माध्यम निरूपित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने रासेयो शिविर की उपयोगिता पर बल देते हुए सशक्त समाज निर्माण में स्वयंसेवकों की मुख्य भूमिका को बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इसके पूर्व होमगार्ड एस.डी.ई.आर.एफ. की टीम द्वारा सुंदर लाल उईकार हवलदार के नेतृत्व में संजय ठाकुर, सिद्धार्थ पारासर, जितेन्द्र कुशवाहा, सुखराम वर्मा, दीपक पटेल, दीवान पटेल द्वारा शिविरार्थी को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान विशेष सहयोग प्रदान करने पर गणमान्य जनों एवं स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की ओर से समाजसेवी मालक पटेल, शिवपाल पटेल, श्रीमती वर्षा पटेल, सुश्री महिमा पटेल, फूलमती चैधरी, राजेश पटेल एवं होमगार्ड की टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की ओर से एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी द्वय को स्मृति-चिन्ह प्रदान किया गया। स्वयंसेवकों को उत्कृष्ट कार्यों पर स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना दुबे एवं आभार पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रप्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय से सहा. प्राध्यापक श्रीमती रश्मि दुबे, एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, राजेश कौरव, शिविर के स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की उपस्थिती रहीं।

## स्वच्छता अभियान की उड़ी धज्जियां, सार्वजनिक नल के पास गंदगी से बढ़ रहा बीमारियों का खतरा



गोटेगांव। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ठेमी में इन दिनों स्वच्छता अभियान पूरी तरह दम तोड़ता नजर आ रहा है। पंचायत प्रशासन की घोर लापरवाही और उदासीनता के कारण पूरे गांव में गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है। गांव की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक कचरे के ढेर लगे हैं, लेकिन सबसे चिंताजनक स्थिति गांव के उस सार्वजनिक नल के पास बनी हुई है जहां से ग्रामीण पीने का पानी भरते हैं। यहाँ कचरे और कीचड़ का ऐसा अंबार लगा है कि पानी के स्रोत के दूषित होने का खतरा बढ़ गया है। भीषण गर्मी के इस मौसम में नल के पास पसरी यह गंदगी न केवल पीने के पानी को दूषित कर रही है, बल्कि इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी प्रबल हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे इसी बदबूदार वातावरण के बीच पानी भरने को मजबूर हैं, जो उनके स्वास्थ्य के साथ सीधे तौर पर खिलवाड़ है।ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए स्थानीय निवासियों ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि पंचायत के सरकारी रिकॉर्ड में हर माह सफाई कर्मचारियों के वेतन के नाम पर नियमित रूप से राशि निकाली जा रही है, परंतु धरातल पर महीनों से सफाई का कोई कार्य नजर नहीं आया है। ग्रामीणों ने तीखे शब्दों में प्रशासन से सवाल किया है कि जब गांव में झाड़ू तक नहीं लगी, तो सफाई के नाम पर निकाला जा रहा सरकारी पैसा आखिर किसकी जेब में जा रहा है। सरकारी धन की इस बर्बादी और गांव की बदहाली को लेकर जनता में गहरा असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रदर्शन करेंगे।

# कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।




जिले के मुर्गाखेड़ा शासकीय हाई स्कूल में बीते दिवस मध्य प्रदेश समग्र शिक्षा अभियान के तहत पांच दिवसीय कैरियर मेले का आयोजन शासकीय हाई स्कूल में किया गया। जिसमें विभिन्न उद्देश्यों को लेकर कक्षा 9 से 10 तक के छात्रों की कैरियर काउंसलिंग की गई। कैरियर काउंसलिंग के प्रथम दिवस में नगर के उद्यमी आर्गेनिक उद्योग स्थापना से लेकर प्रोडक्ट विक्रय तक की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से बताया। मेले के द्वितीय दिवस छात्र-छात्राओं को कौशल विकास के विभिन्न कौशलों की जानकारी दी। कैरियर मेले के तृतीय दिवस प्रशासनिक सेवा, सीए एवं अन्य सेवाओं की जानकारी देकर छात्र-छात्राओं को अधिकारी बनने के टिप्स दिए साथ ही तैयारी के स्टेप्स बताएं। मेले के चैथे दिवस में जीवन कौशल एवं कैरियर योजना की जानकारी दी। कैरियर में आने वाली समस्याओं के समाधान पर प्रकाश डाला। कैरियर काउंसलिंग के पांचवे एवं अंतिम दिवस में आई ए एस की पढ़ाई योजना एवं टाइम मैनेजमेंट संबंधी जानकारी दी जिससे छात्र-छात्राएं जीवन में सफल हो सकें। कार्यक्रम में प्राचार्य गोपाल पटैल मंजू ममार एव अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## तेंदूखेड़ा क्षेत्र के 9 परीक्षा केंद्रों में शामिल होंगे दसवीं में 1401छात्र एवं बारहवीं में 1243 छात्र छात्राएं

तेंदूखेड़ा

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित किये गये वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार आगामी 10 फरवरी से हायर सेकेण्डरी स्कूल की एवं 13 फरवरी से हाईस्कूल की परीक्षायें प्रारंभ होने जा रही है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौ परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 1401 परीक्षार्थी और हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में 1243 परीक्षार्थी शामिल होंगे। लगभग सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के साथ परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ना हो को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए हैं।अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर बाहर दूसरे गांवों के छात्र भी शामिल होंगे उन्हें आने जाने को लेकर भी समय का ध्यान रखते हुए उक्त परीक्षाएं सुबह 9 बजे 12 बजे तक आयोजित की जायेगी। लेकिन परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर साढ़े आठ बजे तक पहुंचना आवश्यक होगा 8.45 के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिल सकेगा। परीक्षार्थी को 10 मिनिट पूर्व उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनिट पूर्व प्रश्न पत्र वितरित किए जाएंगे।

#### कन्या विद्यालय केंद्र में बैठेंगे सर्वाधिक छात्र

तहसील मुख्यालय पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र है। यहां पर कक्षा दसवीं में 353 तथा बारहवीं में 438 छात्र छात्राएं शामिल होंगे।इस केंद्र में बालक उच्चतर तेंदूखेड़ा के साथ सर्वोदय विद्यालय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम के साथ ज्ञानोदय स्कूल के छात्र शामिल होंगे। जबकि बिल्थारी हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र में सबसे कम परीक्षार्थी शामिल होंगे। यहां पर दसवीं में 44 और बारहवीं में 36 छात्र छात्राएं बैठेंगे।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा के बालक उच्चतर विद्यालय परीक्षा केंद्र में दसवीं में 146 और बारहवीं में 188 छात्र बैठेंगे। जिसमें कन्या विद्यालय और इमझिरा स्कूल के छात्र छात्राएं शामिल होंगे।शासकीय विद्यालय देवरी राजमार्ग परीक्षा केंद्र में दसवीं में 256 बारहवी में 277 छात्राएं शामिल होंगे जिसमें हाईस्कूल बिल्हरा आदर्श ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल एवं शारदा विद्या निकेतन के छात्र छात्राएं शामिल होंगे।चांवरपाठा में दसवीं में 127 बारहवीं में 142 छात्र बैठेंगे यहां पर शासकीय हाई स्कूल काशीखेरी के भी छात्र शामिल हैं। शासकीय स्कूल डोभी परीक्षा केंद्र में दसवीं में 197 बारहवीं में 116 छात्र छात्राएं बैठेंगे।इसी तरह भामा हाईस्कूल परीक्षा केंद्र में 96 छात्र छात्राएं जिसमें टेकापार और हीरापुर ललिता पीठ के छात्र बैठेंगे शासकीय हाई स्कूल मदनपुर में 96 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिसमें हाईस्कूल सर्रा मर्रावन के छात्र बैठेंगे । हाई स्कूल विलगुवां परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं में 86 तथा बारहवीं में 46 छात्र शामिल होंगे।जो पीपरवानी हाईस्कूल और बाल विद्या मंदिर गुटोरी के छात्र छात्राएं शामिल होंगे।

#### शिक्षा मंत्री आज करेंगे परीक्षा पर छात्रों से करेंगे चर्चा*

प्रदेश के परिवहन एवं शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिसर में सुबह 10 से छात्रों से सीधे रुबरु होकर परीक्षा पर चर्चा करेंगे। परीक्षाओं के समय छात्रों में एक भय का वातावरण हो जाता है।भय रहित परीक्षा देने मन लगाकर पढ़ाई करने प्रश्नों को समझकर हल करने।नकल प्रवृत्ति को रोकने जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करेंगे।

## भव्य और दिव्य मनाई जाएगी आगामी कर्मा जयंती महोत्सव

### साहू समाज ने बैठक कर समितियों का किया गठन

गोटेगांव





बीते दिवस तहसील साहू समाज ने एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया जिसमें मुख्य रूप से गोटेगांव साहू समाज उत्थान मंडल अध्यक्ष भगवानदास बीडी साहू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन साहू एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में नगर स्थित प्रखर गार्डन में बैठक आयोजित की गई, बैठक में सर्वप्रथम मां कर्मा देवीजी की पूजन अर्चन एवं सामूहिक रूप से आरती वंदन कर बैठक प्रारंभ की गई, जिसमें आगामी 15 मार्च को साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी जयंती महोत्सव को भव्य और दिव्य रूप से मनाने हेतु आगामी तैयारीयों को लेकर रूपरेखा तैयार कर विस्तृत चर्चा किए जाने के साथ मुख्य रूप से जयंती महोत्सव पर शादी योग्य युवक युवती का परिचय सम्मेलन, वरिष्ठजनों का सम्मान एवं मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान के साथ सामाजिक एकता अखंडता और समरसता के भाव को प्रदर्शित करते हुए कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने हेतु आयोजन समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी, साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया मां कर्मा जयंती महोत्सव के दिन सभी सामाजिक बंधु अपनी-अपनी प्रतिष्ठान बंद कर कार्यक्रम को सफल बनाएं बैठक में वही समाज के वरिष्ठ हेतरामजी साहू इमलिया वालों को भामाशाह के रूप में घोषणा कर उन्हें फूल मालाओं से स्वागत बंधन अभिनंदन किया गया वहीं अंचल क्षेत्र से पहुंचे सामाजिक उपस्थित स्वाजतीय बंधुओ ने मां कर्मा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया बैठक में संपूर्ण गोटेगांव ब्लॉक क्षेत्र के स्वाजतीय बड़ी संख्या में उपस्थित थे !